भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1684

जिसका उत्तर 29 जुलाई, 2021 को दिया जाना है।

.....

अटल भूजल योजना के अंतर्गत निधि

1684. **सुश्री सुनीता दुग्गल:**
श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 2019-20 और 2020-21 के दौरान अटल भूजल योजना के तहत हरियाणा और आं प्रदेश की जल की कमी का सामना कर रही ग्राम पंचायतों को प्रदान की गई निधि के आवंटन का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या अटल भूजल योजना शुरू करने के पश्चात इसके तहत हरियाणा और आंध्र प्रदेश की अधिसूचित ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर में कोई सुधार देखा गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी उपलब्धियां क्या हैं?

उत्तर

जल शक्ति और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): अटल भूजल योजना को वर्ष 2020-21 में शुरू किया गया और इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन अभी चल रहा है। वर्ष 2020-21 में इस योजना के अंतर्गत हरियाणा को 20.80 करोड़ रूपए संवितरित किए गए थे।

इस योजना को आंध्र प्रदेश में कार्यान्वित नहीं किया जा रहा है।

*****